(A*) $\frac{7}{10}$ mv² (B) mv² (C) $\frac{1}{5}$ mv² (D) $\frac{4}{3}$ mv²


Sol. Total KE = $\frac{1}{2}$ mv² + Iω²

$= \frac{1}{2}mv^2 + \frac{1}{2}\frac{2}{5} mR^2\omega^2$

$= \frac{1}{2}mv^2 + \frac{1}{2}\frac{2}{5} mv^2 = \frac{7}{10} mv^2$

14. A block of mass 'm' is suspended from a spring and executes vertical SHM of time period T as shown in figure. The amplitude of the SHM is A and spring is never in compressed state during the oscillation. The magnitude of minimum force exerted by spring on the block is


एक ब्लॉक जिसका द्रव्यमान 'm' है इसको एक स्प्रिंग से लटकाया जाता है व यह ऊर्ध्वाधर सरल आवर्त गति कर रहा है जिसका आवर्तकाल चित्रानुसार T है। दोलन का आयाम A है तथा स्प्रिंग दोलन के दौरान कभी भी संपीडित अवस्था में नही होती है। स्प्रिंग द्वारा ब्लॉक पर आरोपित न्यूनतम बल का परिमाण है –



(A*) $mg-\frac{4\pi^2}{T^2}mA$ (B) $mg+\frac{4\pi^2}{T^2}mA$ (C) $mg-\frac{\pi^2}{T^2}mA$ (D) $mg+\frac{\pi^2}{T^2}mA$

Sol. The spring is never compressed. Hence spring shall exert least force on the block when the block is at topmost position.


स्प्रिंग कभी भी संपीडित अवस्था में नही आती है। अतः स्प्रिंग ब्लॉक पर न्यूनतम बल तभी लगायेगी जब ब्लॉक अपनी उच्चतम स्थिति पर हो।



$F_{least} = kx_0 - kA = mg - m\omega^2 A = mg - 4\frac{\pi^2}{T^2}mA$

15. m_1 & m_2 are connected with a light inextensible string with m_1 lying on smooth table and m_2 hanging as shown in figure. m_1 is also connected to a light spring which is initially unstretched and the system is released from rest.

m_1 तथा m_2 दो द्रव्यमान एक हल्की अवितान्य रस्सी से इस प्रकार जुड़े हैं कि m_1 चिकनी मेज पर रखा है तथा m_2 चित्रानुसार लटका हुआ है। m_1 को एक हल्की स्प्रिंग से भी जोड़ा जाता है जो कि प्रारम्भ में खींची हुई नहीं है, अब निकाय को विरामावस्था से छोड़ा जाता है तो –



(A) system performs SHM with angular frequency given by $\sqrt{\frac{k(m_1+m_2)}{m_1 m_2}}$

निकाय कोणीय आवृत्ति $\sqrt{\frac{k(m_1+m_2)}{m_1 m_2}}$ के साथ सरल आवर्त गति करेगा।

(B*) system performs SHM with angular frequency given by $\sqrt{\frac{k}{m_1+m_2}}$.

निकाय कोणीय आवृत्ति $\sqrt{\frac{k}{m_1+m_2}}$ के साथ सरल आवर्त गति करेगा।

(C) tension in string will be zero when the system is released.
जब निकाय को छोड़ा जाता है तब रस्सी में तनाव शून्य होगा।

(D) maximum displacement of m_1 will be $\frac{m_2 g}{k}$. m_1 का अधिकतम विस्थापन $\frac{m_2 g}{k}$ होगा।

Sol. After the system is released, m_2 moves down.
The extention in the spring becomes :

$\frac{m_2g}{k}$ ($m_2g = kx_0$), which is the new equilibrium position of the system.

For small 'x' : restoring force on the system is


$F = kx$


$\Rightarrow \quad a = \frac{kx}{m_1+m_2}$ (For (m_1 + m_2 + spring) system)

$\Rightarrow \quad T = 2\pi\sqrt{\frac{x}{a}} = 2\pi\sqrt{\frac{x(m_1+m_2)}{kx}} = 2\pi\sqrt{\frac{m_1+m_2}{k}}$

$\Rightarrow \quad$ Angular frequency = $\omega = \frac{2\pi}{T} = \sqrt{\frac{k}{m_1+m_2}}$.

F.B.D. of m_1 and m_2 just after the system is released :





From above : $T = \frac{m_1m_2}{m_1+m_2}g$

Hence (C) is incorrect.

After $x = \frac{m_2g}{k}$; m_1 moves towards right till the total kinetic energy aquired does not converted to potential energy.
Hence (D) is also incorrect.
Hence (B) is the answer.

Sol. निकाय को मुक्त करने पर m_2 नीचे की ओर गति करेगा।

स्प्रिग की लम्बाई में वृद्धि : $\frac{m_2g}{k}$ ($m_2g = kx_0$) हो जायेगा। जो निकाय की नई साम्य स्थिति होगी।

छोटे 'x' के लिये : निकाय पर प्रत्यानयन बल होगा –


$F = kx$


$\Rightarrow \quad a = \frac{kx}{m_1+m_2}$ (m_1 + m_2 + स्प्रिग) निकाय के लिये)

$\Rightarrow \quad T = 2\pi\sqrt{\frac{x}{a}} = 2\pi\sqrt{\frac{x(m_1+m_2)}{kx}} = 2\pi\sqrt{\frac{m_1+m_2}{k}}$

$\Rightarrow \quad$ कोणीय आवृत्ति = $\omega = \frac{2\pi}{T} = \sqrt{\frac{k}{m_1+m_2}}$.

m_1 और m_2 का बल रेखाचित्र निकाय को मुक्त करने के तुरन्त बाद –





उपर्युक्त चित्र से : $T = \frac{m_1m_2}{m_1+m_2}g$ अतः (C) गलत है।

$x = \frac{m_2g}{k}$ के बाद m_1 दाये ओर तब तक गति करेगा जब तक कुल अर्जित की गयी गतिज ऊर्जा स्थितिज ऊर्जा में परिवर्तित नहीं हो जाती है।
अतः (D) भी गलत हैं। इस प्रकार (B) सही उत्तर है।

16. A body of mass 6 kg is acted upon by a force which causes a displacement in it given by $x = \frac{t^2}{4}$ metre where t is the time in second. The work done by the force is 2 seconds is:

एक वस्तु का द्रव्यमान 6 kg है इस पर एक बल कार्यरत है जिसके कारण इसका विस्थापन $x = \frac{t^2}{4}$ मीटर होता है जहाँ t सैकण्ड में समय है। 2 सेकण्ड में बल द्वारा किया गया कार्य है।

(A) 12 J (B) 9 J (C) 6 J (D*) 3 J

Sol. The velocity of the body a time t is given by

$$\upsilon = \frac{dx}{dt} = \frac{d}{dt}\left(\frac{t^2}{4}\right) = \frac{t}{2}$$

$\therefore$ At $t = 0$, $\upsilon = u = 0$ and $t = 2$ s, $\upsilon = 1 ms^{-1}$, Now, work done = increase in KE

$$= \frac{1}{2}m\upsilon^2 - \frac{1}{2}mu^2 = \frac{1}{2}m\upsilon^2 - 0$$

$$= \frac{1}{2}m\upsilon^2 = \frac{1}{2}\times 6\times(1)^2$$

= 3J, Hence the correct choice is (d).

Sol. किसी समय t पर वस्तु का वेग दिया जाता है :

$$\upsilon = \frac{dx}{dt} = \frac{d}{dt}\left(\frac{t^2}{4}\right) = \frac{t}{2}$$

$t = 0$, $\upsilon = u = 0$ व $t = 2$ s, $\upsilon = 1 ms^{-1}$, अब किया गया कार्य = गतिज ऊर्जा में वृद्धि


$$= \frac{1}{2}m\upsilon^2 - \frac{1}{2}mu^2 = \frac{1}{2}m\upsilon^2 - 0$$

$$= \frac{1}{2}m\upsilon^2 = \frac{1}{2}\times 6\times(1)^2$$

अतः सही विकल्प (d). है ।

17. When a block is placed on a wedge as shown in figure, the block starts sliding down and the wedge also start sliding on ground. All surfaces are rough. The centre of mass of (wedge + block) system will move

एक गुटका नत तल (वेज) पर चित्रानुसार रखा जाता हैं, गुटका नीचे की ओर फिसलना प्रारम्भ करता है एवं वेज भी सतह पर फिसलना प्रारम्भ करता है। सभी सतह खुरदरी है। (वेज + गुटका) निकाय का द्रव्यमान केन्द्र गति करेगा -




(A) leftward and downward. (B*) right ward and downward.
(C) leftward and upwards. (D) only downward.
(A) बांयी ओर व नीचे की ओर (B*) दांयी ओर व नीचे की ओर
(C) बांयी ओर व ऊपर की ओर (D) केवल नीचे की ओर

Sol. Friction force between wedge and block is internal i.e. will not change motion of COM. Friction force on the wedge by ground is external and causes COM to move towards right. Gravitational force (mg) on block brings it downward hence COM comes down.

हल : वेज व गुटके के मध्य घर्षण बल आन्तरिक है अर्थात् द्रव्यमान केन्द्र (COM) की गति को परिवर्तित नहीं करेगा। सतह द्वारा वेज पर घर्षण बल बाह्य बल है और द्रव्यमान केन्द्र (COM) को दांयी ओर गति करवाता है। गुटके पर गुरूत्वाकर्षण बल (mg) इसको नीचे की ओर लाता है। अतः द्रव्यमान केन्द्र (COM) नीचे आता है।

18. In the figure shown pulley and string are massless. The blocks move in vertical plane due to gravity. If the magnitude of acceleration of centre of mass of blocks is a (in m/s^2) then value of 2a is (Take g = 10 m/s^2)

प्रदर्शित चित्र में घिरनी तथा डोरी द्रव्यमानहीन है। ब्लॉक गुरूत्व के कारण ऊर्ध्वाधर तल में गति करता है। यदि ब्लॉक के द्रव्यमान केन्द्र के त्वरण का परिमाण a (m/s^2 में) है ––तो 2a का मान है। (g = 10 m/s^2)



(A) 3 (B) 2.5 (C*) 5 (D) 6

Sol. Let acceleration of 3m $\downarrow$ is

माना 3m का त्वरण नीचे की ओर है।

$$a_0 = \frac{3m-m}{3m+m}.g = \frac{g}{2}$$


$$a_{cm} = \frac{3m.a_0 - ma_0}{3m+m} = \frac{a_0}{2} = \frac{g}{4}$$

$$\therefore \quad 2a = 2 \times \frac{g}{4} = 5$$

Ans. 5


19. In the figure shown a block B of mass m can slide on a fixed horizontal smooth plane. A solid sphere A of radius r of the same mass rolls without sliding on the block B. Find the angular acceleration of the sphere.

चित्र में दर्शाये अनुसार एक ब्लॉक B जिसका द्रव्यमान m है। एक स्थिर चिकने क्षैतिज तल पर फिसल सकता है। एक त्रिज्या r व समान द्रव्यमान का ठोस गोला A ब्लॉक B पर बिना फिसले लुढ़कता है। गोले का कोणीय त्वरण ज्ञात करो।



(A*) $\frac{10\ g}{9r}$ (B) $\frac{5g}{r}$ (C) $\frac{15g}{r}$ (D) None of these

Sol. The free body diagrams of sphere A and Block B are as shown



Applying Newton's law to block and sphere

$F - f = m\,a$ .....(1)

$f = m\,a_{cm}$ .....(2)

$fr = \frac{2}{5}mr^2\alpha$ .....(3)

Since the sphere does not slip over the block, therefore from constraint


$a = a_{cm} + r\alpha$ .....(4)


solving equation (1), (2), (3) and (4)

we get the angular acceleration of sphere

$\alpha = \frac{10\ g}{9r}$ Ans.

गोले A तथा ब्लॉक B का मुक्त वस्तु चित्र दिखाया गया है।





गोले और ब्लॉक पर न्यूटन का नियम लगाने पर

$F - f = m\,a$ .....(1)

$f = m\,a_{cm}$ .....(2)

$fr = \frac{2}{5} mr^2 \alpha$ .....(3)

चूंकि गोला ब्लॉक के ऊपर नहीं फिसलता इसलिए प्रतिबन्ध से

$a = a_{cm} + r\alpha$ .....(4)

समीकरण (1), (2), (3) तथा (4) को हल करने पर

हम गोले का कोणीय त्वरण प्राप्त करते हैं $\alpha = \frac{10\ g}{r}$ Ans.


20. In Quincke's tube a detector detects minimum intensity. Now one of the tube is displaced by 5 cm. During displacement detector detects maximum intensity 10 times, then finally a minimum intensity (when displacement is complete). The wavelength of sound is:

क्वींके नली में संसुचक न्यूनतम तीव्रता प्रेक्षित करता है। अब एक नली को 5 cm विस्थापित करते है जिसके दौरान संसुचक 10 बार अधिकतम तीव्रता प्रेक्षित करता हैं तथा अतंतः न्यूनतम तीव्रता प्रेक्षित करता है। (जब विस्थापन पूर्ण हो जाए तब) ध्वनि की तरंगदैर्ध्य होगी।

(A) 10/9 cm (B*) 1 cm (C) 1/2 cm (D) 5/9 cm

Hint : Path difference introduced due to displacement of tube = 2x = 10 cm due to one wavelength change maxima / minima will be attained once hence for 10 maxima's

नली के विस्थापन = 2x = 10 cm के कारण पथान्तर उत्पन्न होगा तथा एक तरंगदैर्ध्य उच्चिष्ठ/निम्निष्ठ को 10 उच्चिष्ठों के लिए एक बार प्राप्त करेगी



$\Delta P = 10\ \lambda = 10$ cm so $\lambda = 1$ cm. **Ans.**

Resonance®
Educating for better tomorrow

TARGET : JEE (Main + Advanced) 2022

Course : VIKAAS (01JA)

PHYSICS
DPP
DAILY PRACTICE PROBLEMS
NO. B59 TO B60

2. DPP Syllabus :

DPP No. : B59 (JEE-MAIN)

Total Marks : 60 **Max. Time : 40 min.**
Single choice Objective ('–1' negative marking) Q.1 to Q.20 **(3 marks 2 min.)** **[60, 40]**

ANSWER KEY OF DPP No. : B59

1.	(A)	**2.**	(B)	**3.**	(B)	**4.**	(C)	**5.**	(D)	**6.**	(D)	**7.**	(D)
8.	(C)	**9.**	(B)	**10.**	(B)	**11.**	(C)	**12.**	(B)	**13.**	(D)	**14.**	(A)
15.	(C)	**16.**	(B)	**17.**	(A)	**18.**	(A)	**19.**	(D)	**20.**	(C)		

1. A string of length 1.5 m with its two ends clamped is vibrating in fundamental mode. Amplitude at the centre of the string is 4 mm. Minimum distance between the two points having amplitude 2 mm is :
1.5 मी० लम्बी डोरी जो दोनों सिरों पर बँधी है, मूलविधा में कम्पन्न कर रही है। डोरी के मध्य बिन्दु (केन्द्र) पर आयाम 4 मी०मी० है। उन दो बिन्दुओं के बीच की दूरी जिनका आयाम 2 मी०मी० है, होगी
(A*) 1 m (B) 75 cm (C) 60 cm (D) 50 cm

Sol. $\lambda = 2\ell = 3m$
Equation of standing wave
$y = 2A \sin kx \cos \omega t$
y = A as amplitude is 2A.
$A = 2A \sin kx$

$$\frac{2\pi}{\lambda} x = \frac{\pi}{6} \quad \Rightarrow \quad x_1 = \frac{1}{4} m$$

and $\frac{2\pi}{\lambda} . x = \frac{5\pi}{6} \quad \Rightarrow \quad x_2 = 1.25 \text{ m} \Rightarrow x_2 - x_1 = 1m$

हल: $\lambda = 2\ell = 3m$
अप्रगामी तरंग का समीकरण (x = 0 पर निस्पन्द लेते हुए)
$y = 2A \sin kx \cos \omega t$
y = A चुकि आयाम 2A हैं
$A = 2A \sin kx$

$$\frac{2\pi}{\lambda} x = \frac{\pi}{6} \quad \Rightarrow \quad x_1 = \frac{1}{4} m$$

और $\frac{2\pi}{\lambda} . x = \frac{5\pi}{6} \quad \Rightarrow \quad x_2 = 1.25 \text{ m} \Rightarrow x_2 - x_1 = 1m$


2. Which of the following travelling wave will produce standing wave, with node at x = 0, when superimposed on $y = A \sin (\omega t - k x)$
निम्न में से कौन सा प्रगामी तरंग $y = A \sin (\omega t - k x)$ से अध्यारोपित होने पर ऐसी अप्रगामी तरंगे उत्पन्न करेगी जिनका निस्पंद x = 0 पर होगा।
(A) $A \sin (\omega t + k x)$ (B*) $A \sin (\omega t + k x + \pi)$
(C) $A \cos (\omega t + k x)$ (D) $A \cos (\omega t + k x + \pi)$
Hint : Substituting x = 0 we have given wave y = A sin wt at x = 0 other should have y = – A sin wt equation so displacement may be zero at all the time Hence (B) is correct option.

Sol. दिये हुए समीकरण में x = 0 रखने पर हमें y = A sin wt मिलता है अतः x = 0 पर दूसरी तरंग y = – A sin wt होना चाहिए जिससे विस्थापन हमेशा शून्य हो सके अतः विकल्प (B) सही है।

3. A string vibrates in 5 segments to a frequency of 480 Hz. The frequency that will cause it to vibrate in 2 segments will be
एक डोरी 5 खण्डों में 480Hz की आवृति पर कम्पन्न करती है। वह आवृति जिस पर यह डोरी 2 खण्डों में कम्पन्न करती है, होगी–
(A) 96 Hz (B*) 192 Hz (C) 1200 Hz (D) 2400 Hz

4. A wave travels on a light string.The equation of the wave is Y = A sin (kx – wt + 30°).It is reflected from a heavy string tied to an end of the light string at x = 0.If 64% of the incident energy is reflected the equation of the reflected wave is
एक तरंग हल्की डोरी पर संचरित होती है। तरंग की समीकरण Y = A sin (kx – wt + 30°) है। डोरी के एक सिरे x = 0 पर जुड़ी एक भारी डोरी से यह तरंग परावर्तित होती है। यदि आपतित ऊर्जा का 64% परावर्तित हो जाता है तो परावर्तित तरंग की समीकरण है –
(A) Y = 0.8 A sin (kx – wt + 30° + 180°) (B) Y = 0.8 A sin (kx + wt + 30° + 180°)
(C*) Y = 0.8 A sin (kx + wt – 30°) (D) Y = 0.8 A sin (kx + wt + 30°)

5. The speed of the sound in still air is C. Wind is blowing at a speed v_w as shown. The source of actual frequency f_o is moving as shown in fig. The apparent frequency as observed by an observer is
शांत हवा में ध्वनि की चाल C है। हवा एक चाल v_w से बह रही है। वास्तविक आवृत्ति f_o वाला स्त्रोत चित्रानुसार चल रहा है। एक प्रेक्षक द्वारा प्रेक्षित आभासी आवृत्ति है




(A) $f_0 \frac{(c - v_w - v_O)}{(c - v_w + v_s)}$ (B) $f_0 \frac{(c - v_w - v_O)}{(c - v_w - v_s)}$
(C) $f_0 \frac{(c + v_w - v_O)}{(c + v_w - v_s)}$ (D*) $f_0 \frac{(c + v_w + v_O)}{(c + v_w - v_s)}$

Sol. $f' = f_0 \left(\frac{V - V_0}{V - V_s} \right)$

$f' = f_0 \left(\frac{C + V_w - (-V_0)}{C + V_W - (V_s)} \right)$

6. On a smooth curved track shown in the diagram, an small particle is projected from the point O such that it just manages to reach the point P. Assume that particle always remain contact with track. The velocity of the particle on reaching the point P will be equal to :
चित्र में प्रदर्शित चिकने वक्रीय पथ पर एक छोटा कण बिन्दु O से इस प्रकार प्रक्षेपित किया जाता है कि यह ठीक बिन्दु P पर पहुँच जाये। यह मानिए कि कण हमेशा पथ के सम्पर्क मे रहता है। बिन्दु P पर पहुँचने पर कण का वेग बराबर होगा।




(A) zero शून्य (B) $\sqrt{2gH}$ (C) $\sqrt{6gH}$ (D*) $\sqrt{4gH}$

Sol. The velocity at O be such that it should reach the height 3H. From there it will come down to height H. Hence velocity at P is :
O पर वेग इस प्रकार है कि यह 3H ऊँचाई पर पहुँच जायेगा। यहाँ से यह H ऊँचाई तक नीचे आता है। अतः P पर वेग होगा।

$v^2 = 2g.2H \quad \Rightarrow \quad v = \sqrt{4gH}$.


7. Track OABCD (as shown is figure) is smooth. What minimum speed has to be given to a particle lying at point A, so that it can reach point C ? (take g = 10 m/s^2)
ट्रेक OABCD (चित्रानुसार) चिकना है। बिन्दु A पर स्थित एक कण को कितनी न्यूनतम चाल दी जाए ताकि यह बिन्दु C पर पहुंच सके। (g = 10 m/s^2 लें)



(A) 60 m/s (B) 100 m/s (C) 70 m/s (D*) 80 m/s

Sol. Minimum speed is required to enable the particle to reach at B. By energy cons. $\frac{1}{2}mv^2 = mgh$.
By putting values v = 80 m/s.
B पर पहुँचने के कण को न्यूनतम चाल चाहिए। ऊर्जा संरक्षण द्वारा मान रखने पर $\frac{1}{2}mv^2 = mgh$.
मान रखने पर v = 80 m/s.

8. A weightless rod of length 2ℓ carries two equal masses 'm', one tied at lower end A and the other at the middle of the rod at B. The rod can rotate in vertical plane about a fixed horizontal axis passing through C. The rod is released from rest in horizontal position. The speed of the mass B at the instant rod, become vertical is :
2ℓ लम्बाई की एक भारहीन छड़ से दो बराबर द्रव्यमान 'm' जुड़े हुए है एक निचले सिरे A से तथा दूसरा रोड़ के मध्य बिन्दु B से। छड़ C से गुजरने वाली एक स्थिर अक्ष के सापेक्ष ऊर्ध्व समतल में घूम सकती है। छड़ को क्षैतिज स्थिति में विराम से छोड़ा जाता है। द्रव्यमान B की चाल ज्ञात कीजिए जब छड़ ऊर्ध्व हो जाए –



(A) $\sqrt{\frac{3g\ell}{5}}$ (B) $\sqrt{\frac{4g\ell}{5}}$ (C*) $\sqrt{\frac{6g\ell}{5}}$ (D) $\sqrt{\frac{7g\ell}{5}}$


Sol.(C) Let v be the speed of B at lowermost position, the speed of A at lowermost position is 2v.
From conservation of energy
माना सबसे निम्नतर स्थिति पर B की चाल v है और सबसे निम्नतर स्थिति पर A की चाल 2v है।
ऊर्जा संरक्षण से

$$\frac{1}{2}m(2v)^2 + \frac{1}{2}mv^2 = mg(2\ell) + mg\ell.$$

Solving we get हल करने पर $v = \sqrt{\frac{6}{5}g\ell}$


9. A mass 'm' is tied by a massless string. It is given horizontal velocity $2\sqrt{g\ell}$. What will be velocity of the particle at its highest position .

एक द्रव्यमान रहित रस्सी द्वारा एक द्रव्यमान 'm' बंधा है। इसे क्षैतिज वेग $2\sqrt{g\ell}$ दिया गया है। इसकी उच्चतम स्थिति पर कण पर वेग क्या होगा।



(A) Zero (B*) $\frac{2\sqrt{2}}{3\sqrt{3}}\sqrt{\ell g}$ (C) $\sqrt{\ell g}$ (D) $\sqrt{\frac{\ell g}{2}}$

Sol.



$$mg\cos\theta = \frac{mu^2}{\ell}$$

$$\frac{1}{2}4g\ell + 0 = \frac{1}{2}u^2 + g\ell\ (1+\cos\theta)$$

$$2g\ell = \frac{u^2}{2} + g\ell + g\ell\cos\theta$$


$$g\ell = \frac{u^2}{2} + g\ell\cos\theta \qquad g\ell = \frac{g\ell\cos\theta}{2} + \ell g\cos\theta$$

$$\cos\theta = \frac{2}{3}$$

$$V_{min} = u\cos\theta = \sqrt{\ell g\cos\theta}\,.\cos\theta = \sqrt{\ell g}\,.\,\frac{2\sqrt{2}}{3\sqrt{3}}$$

10. A small block slides with velocity $0.5\sqrt{gr}$ on the horizontal frictionless surface as shown in the Figure. The block leaves the surface at point C. The angle θ in the Figure is:

एक छोटा ब्लॉक एक घर्षण रहित क्षैतिज तल पर चित्रानुसार $0.5\sqrt{gr}$ वेग के साथ फिसलता है। ब्लॉक तल को बिन्दु C पर छोड़ देता है। चित्र में कोण θ है :



(A) $\cos^{-1}(4/9)$ (B*) $\cos^{-1}(3/4)$ (C) $\cos^{-1}(1/2)$ (D) none of the above इनमें से कोई नहीं


11. Amplitude of simple pendulum is 60º. Find the tension in string when string makes an angle of 30º with vertical.

एक सरल लोलक का आयाम 60º है। रस्सी में तनाव होगा जब रस्सी उर्ध्वाधर से 30º का कोण बनाती है–

(A) $mg\frac{\sqrt{3}}{2}$ (B) $\left(3\sqrt{3}-2\right)mg$ (C*) $mg\left(\frac{3\sqrt{3}}{2}-1\right)$

(D) none of these इनमें से कोई नहीं

12. In the figure shown find out the maximum height reached by the particle. ($g = 10\ m/s^2$)
चित्र में दिखाये अनुसार कण किस अधिकतम ऊँचाई तक पहुंचेगा। ($g = 10\ m/s^2$)



(A) 0.5 m (B*) 0.75 m (C) 1 m (D) none of these इनमें से कोई नहीं

13. The sound intensity is 0.008 W/m^2 at a distance of 10 m from an isotropic point source of sound. The power of the source is :
एक समआकृतिक बिन्दुवत ध्वनि स्त्रोत से 10 मीटर की दूरी पर ध्वनि की तीव्रता 0.008 वाट/मी.^{2} है। स्त्रोत की शक्ति होगी–

(A) 2.5 watt (B) 0.8 watt (C) 8 watt (D*) 10 watt
(A) 2.5 वाट (B) 0.8 वाट (C) 8 वाट (D*) 10 वाट

Sol. (D) $\frac{P}{4\pi r^2} = I$

for an isotropic point sound source. एक समआकृतिक बिन्दुवत ध्वनि स्त्रोत के लिये

$\Rightarrow$ $P = I.4\pi r^2$
$=$ $(0.008\ w/m^2)\ (4.\pi.10^2)$
$=$ 10 watt. **Ans.**

14. A point source of power 50π watts is producing sound waves of frequency 1875Hz. The velocity of sound is 330m/s, atmospheric pressure is $1.0 \times 10^5\ Nm^{-2}$, density of air is $1.0\ kgm^{-3}$. Then pressure amplitude at $r = \sqrt{330}$ m from the point source is (using $\pi = 22/7$) :
50π वाट शक्ति का एक बिन्दु स्त्रोत 1875 हर्ट्ज आवृत्ति की ध्वनि तरंगे प्रदान कर रहा है। ध्वनि का वेग 330 मी./सै., वायुमण्डलीय दाब 1.0×10^5 न्यूटन/मी.$^{-2}$ तथा हवा का घनत्व 1.0 कि.ग्रा./मी.^{3} है तो बिन्दु स्त्रोत से $r = \sqrt{330}$ मी. दूरी पर दाब आयाम होगा – ($\pi = 22/7$ मानें) :


(A*) $5\ Nm^{-2}$. (B) $10\ Nm^{-2}$. (C) $15\ Nm^{-2}$. (D) $20\ Nm^{-2}$.
(A*) 5 न्यूटन/मी.^{2} (B) 10 न्यूटन/मी.^{2} (C) 15 न्यूटन/मी.^{2} (D) 20 न्यूटन/मी.^{2}

Sol. $I = \frac{P_0^2}{2\rho V} \Rightarrow \frac{P}{4\pi r^2} = \frac{P_0^2}{2\rho V}$;

where P, P_0 , V are power, pressure amplitude and velocity respectively.
जहाँ P, P_0 , V क्रमशः शक्ति, आयामक ा दाब तथा वेग है।

$\Rightarrow$ $P_0 = \sqrt{\frac{P\rho V}{2\pi r^2}} = \sqrt{\frac{50\pi \times 1 \times 330}{2\pi \times 330}} = 5$ **Ans.**

15. S_1 and S_2 are two coherent sources of sound of frequency 110Hz each. They have no initial phase difference. The intensity at a point P due to S_1 is I_0 and due to S_2 is $4I_0$. If the velocity of sound is 330 m/s then the resultant intensity at P is
S_1 तथा S_2 कलासम्बद्ध प्रत्येक 110Hz आवृति के दो ध्वनि स्त्रोत है। उनमें प्रारम्भिक कलान्तर नहीं है। बिन्दु P पर S_1 के कारण तीव्रता I_0 तथा S_2 के कारण तीव्रता $4I_0$ है। यदि ध्वनि का वेग 330 m/s है तो बिन्दु P पर परिणामी तीव्रता है –



(A) I_0 (B) $9I_0$ (C*) $3I_0$ (D) $8I_0$

Sol. The wavelength of sound source = $\frac{330}{110}$ = 3 metre.

The phase difference betwen interfering waves at P is

$$= \Delta\phi = \frac{2\pi}{\lambda}(S_2P - S_1P) = \frac{2\pi}{3}(5-4) = \frac{2\pi}{3}$$

$\therefore$ Resultant intensity at P = $I_0 + 4I_0 + 2\sqrt{I_0}\sqrt{4I_0}\cos\frac{2\pi}{3} = 3I_0$

स्त्रोत की ध्वनि की तरंगदैर्ध्य = $\frac{330}{110}$ = 3 metre.

बिन्दु P पर अध्यारोपित होने वाली तरंगों पर कलान्तर

$$= \Delta\phi = \frac{2\pi}{\lambda}(S_2P - S_1P) = \frac{2\pi}{3}(5-4) = \frac{2\pi}{3}$$

$\therefore$ परिणामी तीव्रता बिन्दु P पर = $I_0 + 4I_0 + 2\sqrt{I_0}\sqrt{4I_0}\cos\frac{2\pi}{3} = 3I_0$

16. State True or false

S_1 : If pressure of a gas is increased keeping the temperature constant the speed of sound wave in the gas increases.

S_2 : In a travelling sinusoidal sound wave the phase difference between displacement wave and pressure wave is $\frac{\pi}{2}$.

S_3 : The apparent frequency is ν_1, when a source approaches a stationary observer with speed u and is ν_2 when the observer approaches the same stationary source with the same speed u. Then $\nu_2 < \nu_1$, if u < v where v is the speed of sound.

S_1 : यदि ताप नियत रखते हुए एक गैस के दाब में वृद्धि करते है तो गैस में ध्वनि तरंग की चाल में वृद्धि होगी।

S_2 : एक प्रगामी ज्या–वक्रीय ध्वनि तरंग (sinusoidal sound wave) के संचरण में विस्थापन तरंग तथा दाब तरंग में $\frac{\pi}{2}$ का कलान्तर होगा।

S_3 : रूके हुए श्रोता की ओर , ध्वनि स्रोत u चाल से पहुँचता है तो आभासी आवृत्ति ν_1 है। यदि उसी स्रोत को स्थिर करके वही श्रोता उसी चाल u से स्रोत की ओर पहुँचता है तो आभासी आवृत्ति ν_2 है तो $\nu_2 < \nu_1$ है यदि u < v जहाँ v ध्वनि की चाल है।

(A) T F T (B*) F T T (C) F F T (D) F T F

Sol. **S_1 :** When pressure is increase density also increases in same proportion
जब दाब बढ़ेगा तो उसी अनुपात में घनत्व भी बढ़ेगा

S_2 : True सत्य

S_3 : $\nu_1 = \frac{v}{v-u}\nu$

$$\nu_2 = \left[\frac{u+v}{v}\right]\nu$$

$$\nu_1 - \nu_2 = \nu\left[\frac{v}{v-u} - \frac{u+v}{v}\right] = \nu\left[\frac{v^2 - v^2 + u^2}{(v-u)\ v}\right] = \frac{u^2\ \nu}{(v-u)\ v} > 0$$

17. A particle of mass m is performing simple harmonic motion as shown in figure (a) and (b). In figure (b), the charge q of particle is such that qE = mg. If their velocities are same at mean position and let A_1 and A_2 be their amplitudes and T_1 and T_2 be their time periods then.
निर्दिष्ट चित्र (a) तथा (b) के अनुसार एक द्रव्यमान m का कण सरल आवर्त गति कर रहा है। चित्र (b) में कण का आवेश q है, जिससे qE = mg हो जाता है। यदि माध्य स्थिति में इनके वेग समान है, तथा A_1 व A_2 इनके आयाम है तथा T_1 व T_2 इनके आवर्तकाल है तो :




Fig (a)




Fig (b)

(A*) $A_1 = A_2$, $T_1 = T_2$ (B) $A_1 > A_2$, $T_1 = T_2$
(C) $A_1 < A_2$, $T_1 = T_2$ (D) $A_1 = A_2$, $T_1 > T_2$


Sol. Let velocity at mean position be v. माना माध्य स्थिति पर इनके वेग v है


$$\frac{1}{2}mv^2 = \frac{1}{2}KA_1^2 = \frac{1}{2}KA_2^2$$

$A_1 = A_2$

and तथा $T = 2\pi\sqrt{\frac{m}{K}}$. $T_1 = T_2$

18. In the figure shown, the time period and the amplitude respectively when m is released from rest when the spring is relaxed is: (the inclined plane is smooth)
दिखाये गये चित्र में, स्प्रिंग तनाव रहित एवं विरामावस्था में है तो m को मुक्त छोड़ने पर आवर्तकाल तथा आयाम क्रमशः होंगे (नत तल चिकना है।)






(A*) $2\pi\sqrt{\frac{m}{k}}$, $\frac{mg\sin\theta}{k}$ (B) $2\pi\sqrt{\frac{m\sin\theta}{k}}$, $\frac{2mg\sin\theta}{k}$

(C) $2\pi\sqrt{\frac{m}{k}}$, $\frac{mg\cos\theta}{k}$ (D) none of these इनमें से कोई नही

Sol.



At equilibrium : साम्यावस्था पर

$$mg\sin\theta = kA$$

$$\Rightarrow \quad A = \frac{mg\sin\theta}{K}$$

and time period for spring block system is :
तथा स्प्रिंग ब्लॉक निकाय के लिए आवर्तकाल है

$$T = 2\pi\sqrt{\frac{m}{k}}$$

Hence अतः (A)

19. A particle performs SHM of amplitude A and angular frequency $\omega = \frac{2\pi}{T}$. The speed of the particle at time $\frac{T}{4}$ after crossing the extreme position is

एक कण A आयाम व $\omega = \frac{2\pi}{T}$ कोणीय आवृत्ती से सरल आवर्त गति करता है सीमान्त स्थिति पार करने के पश्चात $t = \frac{T}{4}$ समय पर कण की चाल होगी।

(A) 0 (B) $\frac{\sqrt{3}}{2}\omega A$ (C) $\frac{\omega A}{2}$ (D*) ωA

Sol. After $t = \frac{T}{4}$, the particle will be at mean position

$t = \frac{T}{4}$ पश्चात कण मध्य स्थिति पर होगा।

$v = v_{max} = \omega A$

20. A loaded vertical spring executes SHM with period of 4s. The difference between the kinetic energy and the potential energy of this system oscillates with a period of

एक ऊर्ध्वाधर स्प्रिंग जिसके नीचे भार बंधा हुआ है उसके SHM (सरल आवर्त गति) का आवर्तकाल 4s है। उस निकाय की गतिज ऊर्जा व स्थितिज ऊर्जा में अन्तर के दोलन का आवर्तकाल होगा –

(A) 8 s (B) 1 s (C*) 2s (D) 4s

Sol. (Moderate) KE गतिज ऊर्जा = $\frac{1}{2} m\omega^2 a^2 \cos^2 \omega t$

PE स्थितिज ऊर्जा = $\frac{1}{2} m\omega^2 a^2 \sin^2 \omega t$

KE – PE = $\frac{1}{2} m\omega^2 a^2 (\cos^2 \omega t - \sin^2 \omega t)$

$= \frac{1}{2} m\omega^2 a^2 \cos 2\omega t$

$\therefore$ Angular frequency = 2ω

$\therefore$ The time period = $\frac{T}{2}$ = 2 s

$\therefore$ कोणीय आवृत्ति = 2ω

$\therefore$ आवृर्त्त काल = $\frac{T}{2}$ = 2s.

Resonance®
Educating for better tomorrow

TARGET : JEE (Main + Advanced) 2022

Course : VIKAAS (01JA)

PHYSICS
DPP
DAILY PRACTICE PROBLEMS
NO. B59 TO B60

DPP No. : B60 (JEE-ADVANCED)


Total Marks : 50		**Max. Time : 31 min.**
Single choice Objective ('–1' negative marking) Q.1 to Q.2	**(3 marks 2 min.)**	**[06, 04]**
One or more than one options correct type ('–1' negative marking) Q.3 to Q.10	**(4 marks 2 min.)**	**[32, 16]**
Subjective Questions ('–1' negative marking) Q.11	**(4 marks 5 min.)**	**[04, 05]**
Match the Following (no negative marking) Q.12	**(8 marks 6 min.)**	**[08, 06]**

ANSWER KEY OF DPP No. : B60

1.	(A)	**2.**	(A)	**3.**	(A,B,C,D)	**4.**	(B,C)	**5.**	(B,C)	**6.**	(A,B,C,D)
7.	(A,C)	**8.**	(A,C)	**9.**	(B,C)	**10.**	(A,C)	**11.**	6		
12.	(A) – r, s ; (B) – r, s ; (C) – p, q, r ; (D) – p, q, r										

1. For the arrangement shown in the figure. The time interval in seconds after which the water jet ceases to cross the wall is (Area of the cross section of the tank A= $\sqrt{5}$ m^2 and area of the orifice a = 4 cm^2) [Assume that the container remaining fixed]

चित्र मे दर्शायी गयी व्यवस्था के लिये वह समयान्तराल (सेकण्ड में) ज्ञात कीजिये जिसके बाद पानी की धार (फुआंरा) दीवार के पार जाने से रूक जायेगी। टेंक के अनुप्रस्थ काट का क्षेत्रफल A= $\sqrt{5}$ m^2 व छिद्र का –– क्षेत्रफल a = 4 cm^2 है। (टेंक स्थिर है)



(A*) 1000 (B) 2000 (C) 100 (D) 10000

Sol. $v = \sqrt{2gx} = \frac{\ell}{t} = \frac{1}{t}$


for vertical motion ऊर्ध्वाधर गति के लिए = $\frac{1}{2} g t^2$

$\Rightarrow$ x = 0.25 m (i.e. level goes down from 0.81m to 0.25m. Using equation of continuity)
(अर्थात् सतह 0.81m से 0.25m तक जायेगी। सतत्ता समीकरण का प्रयोग करने पर)

$\sqrt{5} \cdot \frac{dx}{dt} = \sqrt{2gx} \cdot 4 \times 10^{-4}$

on solving हल करने पर t = 1000 s

2. Initially a small block is in equilibrium and at a height 10m from ground as shown. At t = 0, block explodes in two equal parts. One part collides with the ground at t = 1 sec and sticks to ground at the position just below the initial equilibrium position and another part remains held with spring,
प्रारम्भ में एक छोटा ब्लॉक, चित्रानुसार जमीन से 10m की ऊँचाई पर साम्यावस्था में है। t = 0 पर ब्लॉक दो समान भागों में टूट जाता है। एक भाग t = 1 सैकण्ड पर धरातल से टकराता है तथा प्रारम्भिक साम्यावस्था के ठीक नीचे वाली स्थिति पर जमीन से चिपक जाता है तथा दूसरा भाग स्प्रिंग से लगा रहता है। तब



(A*) then the amplitude of oscillations of the block held by spring is 3 meter
(B) then the amplitude of oscillations of the block held by spring is 5 meter
(C) then the amplitude of oscillations of the block held by spring is 2 meter
(D) then the amplitude of oscillations of the block held by spring is 7 meter
(A*) स्प्रिंग से जुड़े हुए ब्लॉक के दोलन का आयाम 3 मीटर है।
(B) स्प्रिंग से जुड़े हुए ब्लॉक के दोलन का आयाम 5 मीटर है।
(C) स्प्रिंग से जुड़े हुए ब्लॉक के दोलन का आयाम 2 मीटर है।
(D) स्प्रिंग से जुड़े हुए ब्लॉक के दोलन का आयाम 7 मीटर है।

Sol. From given conditions दी गई शर्त से

$$10 = ut + \frac{1}{2}.gt^2$$

$$u = 5 \text{ m/s}$$

So, block held with spring will have velocity 5 m/s in vertically upward direction.
अतः स्प्रिंग से जुड़ा ब्लॉक 5 m/s ऊर्ध्वाधर ऊपर की ओर गति करेगा।
Now, अब $v^2 = \omega^2(A^2 - x^2)$

$$25 = \frac{10}{2}\left\{A^2 - \left(\frac{mg}{k}\right)^2\right\}$$

$$5 = A^2 - 4$$

$$A = 3\text{m}.$$

3. Which of the following combinations can give standing wave.
निम्न में से कौनसे संयोजन अप्रगामी तरंगे दे सकते हैं।
(A*) $y_1 = A \sin^2(\omega t - kx)$; $y_2 = -A \sin^2(\omega t + kx)$
(B*) $y_1 = A \sin(kx - \omega t)$; $y_2 = A \cos(\omega t + kx)$
(C*) $y_1 = 2A \cos^2(\omega t - kx + \pi)$; $y_2 = A[\sin 2(\omega t + kx) - 1]$
(D*) $y_1 = A \sin(kx - \omega t + 30^\circ)$; $y_2 = A \cos(\omega t + kx - 60^\circ)$.

4. The equation of a practical travelling wave is /are
एक प्रायोगिक संचरित तरंग की समीकरणें हैं–
(A) A tan (wt - kx)
(B*) A $\sin^2$ (wt - kx)
(C*) A sin(wt - kx) cos(wt - kx)
(D) none (कोई नहीं)

5. A particle of mass m performs SHM along a straight line with frequency f and amplitude A.
m द्रव्यमान का एक कण सरल रेखा पर A आयाम तथा f आवृत्ति से स.आ.गति कर रहा है।

(A) The average kinetic energy of the particle is zero.

(B*) The average potential energy is $m\pi^2f^2A^2$.

(C*) The frequency of oscillation of kinetic energy is 2f.

(D) Velocity function leads acceleration by $\pi/2$.


(A) कण की औसत गतिज ऊर्जा शून्य होगी।

(B*) कण की औसत स्थितिक ऊर्जा $m\pi^2f^2A^2$ होगी।

(C*) गतिज ऊर्जा की दोलन आवृत्ति 2f होगी।

(D) वेग फलन, त्वरण फलन से $\pi/2$ आगे होगा।

6. A heavy particle hanging vertically from a point by a light inextensible string of length ℓ is started so as to make a complete revolution in a vertical plane. Then :
एक भारी कण को ℓ लम्बाई की हल्की अवितान्य रस्सी के द्वारा किसी बिन्दु से ऊर्ध्वाधर इस प्रकार लटकाया गया है कि यह ऊर्ध्वाघर तल में एक पूर्ण चक्कर कर सकता है तो–



(A*) Sum of tension at the ends of any diameter is constant
किसी भी व्यास में दोंनो सिरों पर तनावों का योग नियत रहेगा।

(B*) Sum of tension at the ends of any diameter is independent on angle θ with vertical.
किसी भी व्यास के दोंनो सिरों पर तनावों का योग, ऊर्ध्वाधर से कोण θ पर निर्भर नहीं करेगा।

(C*) Tension does no work तनाव कोई कार्य नहीं करेगा।

(D*) $T_1 + T_2 = \frac{m}{\ell}(2u^2 - 4g\ell)$

Sol. Sum of tension at the ends of any diameter is constant and is independent on angle θ with vertical.
Tension does no work as T and velocity are perpendicular.
By energy conservation at point C and B

$$\frac{1}{2}mu^2 = \frac{1}{2}mv_B^2 + mg\,L\,(1 - \cos\theta) \qquad .....(1)$$

$$T_1 - mg\cos\theta = \frac{mv_B^2}{L} \qquad .....(2)$$

From (1) and (2)

$$T_1 = \frac{mu^2}{L} - 2\,mg + 3\,mg\cos\theta$$

similarly,

$$T_2 = \frac{mu^2}{L} - 2\,mg - 3mg\cos\theta$$

$$T_1 + T_2 = \frac{m}{\ell}(2u^2 - 4g\ell)$$

हल किसी भी व्यास के दोनों सिरों पर तनावों का योग नियत होगा तथा उर्ध्वाधर से कोण θ पर अनिर्भर होगा। क्योंकि तनाव और वेग एक–दूसरे के लम्बवत् होते है। अतः तनाव कोई कार्य नहीं करेगा।

$$\frac{1}{2}mu^2 = \frac{1}{2}mv_B^2 + mg\,L\,(1 - \cos\theta) \qquad .....(1)$$

$$T_1 - mg\cos\theta = \frac{mv_B^2}{L} \qquad .....(2)$$

समीकरण (1) तथा (2) से

$$T_1 = \frac{mu^2}{L} - 2mg + 3mg\cos\theta$$

इसी प्रकार,

$$T_2 = \frac{mu^2}{L} - 2mg - 3mg\cos\theta$$


$$T_1 + T_2 = \frac{m}{\ell}(2u^2 - 4g\ell)$$

COMPREHENSION (7 to 10)

अनुच्छेद

A long horizontal conveyer belt moves with a constant velocity of 8 m/s. Two blocks A and B each of mass 2 kg are placed gently on the belt with B on A. cofficient of kinetic friction b/w A and belt is 0.1. There is no friction between A and B. Length of A is 4 m and length of B is very small ($g = 10\ m/s^2$).

एक लम्बी चलित क्षैतिज बेल्ट 8 m/s के नियत वेग से गतिशील है। 2 kg समान द्रव्यमान के दो ब्लॉक A तथा B बेल्ट पर अचानक रख दिये जाते है। तथा B, A के ऊपर है। A तथा बेल्ट के मध्य गतिक घर्षण गुणांक 0.1 है। A व B के मध्य कोई घर्षण नहीं है। A की लम्बाई 4 m है तथा B की लम्बाई बहुत कम है। ($g = 10\ m/s^2$)



7. Choose the correct options :

सही कथनों का चयन करें।

(A*) The time when B falls off A. Initially B is on the right end of A is 2 second

(B) The time when B falls off A. Initially B is on the right end of A is 4 second

(C*) The velocity of A when B falls off A is 4 m/s

(D) The velocity of A when B falls off A is 6 m/s

(A*) प्रारम्भ में B, A के दांयें सिरे पर था। 2 सेकण्ड पश्चात् B, A से गिर जायेगा


(B) प्रारम्भ में B, A के दांयें सिरे पर था। 4 सेकण्ड पश्चात् B, A से गिर जायेगा

(C*) A का वेग 4 m/s है ––जब B, A से गिर जाता है।

(D) A का वेग 6 m/s है ––जब B, A से गिर जाता है।

Sol. Since there is no friction between A and B, so B will remain at rest (figure)

चूंकि A व B के मध्य शून्य है। अतः B स्थिरावस्था में होगा। (चित्र)



$f_k = \mu(2 + 2)g = 0.1(2 + 2)g = 4N$

Acceleration of A (A का त्वरण) : $a = \frac{f_k}{m} = \frac{4}{2} = 2\ m/s^2$

For B to fall off A (A पर B के गिरने के लिए) : $S = ut + \frac{1}{2}at^2$

$\Rightarrow \quad 4 = 0 \times t + \frac{1}{2}2t^2 \quad \Rightarrow \quad t = 2s.$

$v_A = u + at = 0 + 2 \times 2 = 4\ m/s.$

8. Choose the correct options:
सही कथनों का चयन करें।

(A*) The coefficient of friction between the block B and belt is 0.4, then the separation between the two blocks when B comes to rest w.r.t. belt is 2 meter

(B) The coefficient of friction between the block B and belt is 0.4, then the separation between the two blocks when B comes to rest w.r.t. belt is 1 meter

(C*) Just after the block B falls of A, then the acceleration of block A is $1m/s^2$.

(D) Just after the block B falls of A, then the acceleration of block A is $2m/s^2$.

(A*) यदि B तथा बेल्ट के मध्य घर्षण गुणांक 0.4 है तो A तथा B के मध्य 2 मीटर की दूरी होगी। जबकि B बेल्ट के सापेक्ष स्थिर हो जाता है।

(B) यदि B तथा बेल्ट के मध्य घर्षण गुणांक 0.4 है तो A तथा B के मध्य 1 मीटर की दूरी होगी। जबकि B बेल्ट के सापेक्ष स्थिर हो जाता है।

(C*) B के A से गिर जाने के ठीक पश्चात् A का त्वरण $1m/s^2$ है।

(D) B के A से गिर जाने के ठीक पश्चात् A का त्वरण $2m/s^2$ है।

Sol. Just when B falls of A, take this instant to be t = 0 (figure)
जब A पर B ठीक गिरता है। इस समय पर t = 0 (चित्र)



at t = 0 पर :

velocity of A (A का वेग) : $u_A = 4$ m/s, velocity of B (B का वेग) : $u_B = 0$

acceleration of A (A का त्वरण) : $a_1 = \mu_1 g = 0.1 \times 10 = 1\ m/s^2$

acceleration of B (B का त्वरण) : $a_2 = \mu_2 g = 0.4 \times 10 = 4\ m/s^2$

Let us see when A comes to rest (w.r.t. belt) :
जब A स्थिरावस्था में आयेगा (बेल्ट के सापेक्ष) :

For this इसके लिए : $v_A = u_A + a_1 t$

$\Rightarrow \quad 8 = 4 + 1 \times t \quad \Rightarrow \quad t = 4$ s

Let us see when B comes to rest (w.r.t. belt) :
जब B स्थिरावस्था में आयेगा (बेल्ट के सापेक्ष) :

For this इसके लिए : $v_B = u_B + a_2 t$

$\Rightarrow \quad 8 = 0 + 4t \quad \Rightarrow \quad t = 2s$

(1) So B comes to rest earlier, and till that A continues to move with acceleration $1\ m/s^2$
अतः B पहले स्थिर होगा तथा इस समय तक A त्वरण $1\ m/s^2$ से गति करेगा।

(2) So we have to find separation between the blocks at t = 2s. At t = 2 s ;
अतः t = 2s तक ब्लॉकों के मध्य दूरी ज्ञात कर सकते है t = 2 s पर ;

$$S_A = 4 \times 2 + \frac{1}{2} \times 1 \times (2)^2 = 10\ m$$

$$S_B = 0 \times 2 + \frac{1}{2} \times 4 \times (2)^2 = 8\ m$$

separation बीच की दूरी = $S_A - S_B = 10 - 8 = 2$ m.

after B falls of A,
B, A से ठीक बाद गिरता है

$F = u_1 N = 0.1 \times 20 = 2$ N (for A)

$a_A = \frac{2}{2} = 1m/s^2$ (Hence decreases अतः घटता है)

9. Just before block B falls of A. then
ब्लॉक B के ब्लॉक A से गिरने के ठीक पूर्व :

(A) distance travelled by B w.r.t. ground 4m

(B*) distance travelled by B w.r.t. to ground is zero.

(C*) distance travelled by B w.r.t. to A is 4m.

(D) distance travelled by B w.r.t A is zero

(A) धरातल के सापेक्ष B द्वारा तय की गई दूरी 4m है।
(B*) धरातल के सापेक्ष B द्वारा तय की गई दूरी 0m है।
(C*) A के सापेक्ष B द्वारा तय की गई दूरी 4m है।
(D) A के सापेक्ष B द्वारा तय की गई दूरी 0m है।.

Sol. As there is no acceleration of B wrt to ground so d = 0 and wrt to A is 4m = length of A.

10. If the length of Block A is 20m. then
यदि ब्लॉक A की लम्बाई 20m है तब

(A*) B falls off A after 4.5s
(B) B falls off A after $2\sqrt{5}$ s.
(C*) when B falls off A, A has velocity 8 m/s
(D) when B falls off A, then A has velocity $2\sqrt{5}$ m/s

(A*) B, A से 4.5s के बाद गिरता है।
(B) B, A से $2\sqrt{5}$ s के बाद गिरता है।
(C*) जब B, A से गिरता है तब A का वेग 8 m/s हो जाता है
(D) जब B, A से गिरता है तब A का वेग $2\sqrt{5}$ m/s हो जाता है।

Sol. V_A after 4s = at = 2 × 4 = 8m/s. = V_{Belt}
So Block A move with constant velocity 8 m/s. with Belt because then after $f_s = 0$

So distance travelled by A is 4s. = $\frac{1}{2}at^2 = \frac{1}{2} \times 2 \times (4)^2 = 16m$.

So remaining (20m – 16m) = 4m will be travelled by $\frac{4m}{8m/s} = \frac{1}{2}s$.

So total time = 4s + $\frac{1}{2}$s = 4.5s
and after 4s. $a_A = 0$
So velocity will remain constant = 8m/s.
4S के बाद V_A = at = 2 × 4 = 8m/s. = V_{Belt}
अतः ब्लॉक A नियत वेग 8 m/s से चलता हैबेल्ट के साथ क्योंकि उसके बाद $f_s = 0$

4s में A द्वारा तय की गई दूरी = $\frac{1}{2}at^2 = \frac{1}{2} \times 2 \times (4)^2 = 16m$.

$\frac{4m}{8m/s} = \frac{1}{2}$s में शेष दूरी (20m – 16m) = 4m तय करेगा।

अतः कुल समय = 4s + $\frac{1}{2}$s = 4.5s
तथा 4s के बाद. $a_A = 0$
अतः वेग नियत रहेगा = 8m/s.

11. A straight line source of sound of length L = 10m, emitts a pulse of sound that travels radially outward from the source. What is the power (in mW) intercepted by an acoustic detector of surface area 1.2 cm^2, located at a perpendicular distance 7m from the source. The waves reach perpendicularly at the surface of the detector. The total power emitted by the source in the form of sound is 2.2×10^4 W.
(Use $\pi = 22/7$)
L = 10m, लम्बाई का सरल रेखीय ध्वनि स्त्रोत ध्वनि का स्पंद उत्सर्जित करता है। जो स्रोत से त्रिज्य दिशा में बाहर की ओर गतिमान है। स्त्रोत से 7 m लम्बवत दूरी पर स्थित 1.2 cm^2 पृष्ठ क्षेत्र के ध्वनि संसूचक द्वारा प्राप्त शक्ति (mW में) क्या है। तरंगें संसूचक के पृष्ठ पर लम्बवत पहुंचती है। स्त्रोत द्वारा उत्सर्जित ध्वनि के रूप में कुल शक्ति 2.2×10^4 W है। ($\pi = 22/7$ काम में लें)

Ans. **6**

Sol. Imagine a cylinder of radius 7m and length 10m. Intensity of sound at the surface of cylinder is same everywhere.

Therefore $I = \frac{P}{2\pi rL} = \frac{2.2\times10^4}{2\pi\times10\times7}$

(As sound is propagating radially out only, sound energy does not flow out through the ends)

$\therefore \quad I = 50\ W/m^2$

Power intercepted by the detector

$= I \times A = 3\ mW$


7m त्रिज्या तथा 10m लम्बाई के बेलन की कल्पना करो। बेलन की सतह पर सभी जगह ध्वनि की त्रिव्रता समान है।

अतः $I = \frac{P}{2\pi rL}$





(चुकि ध्वनि केवल त्रिज्यीय दिशा में बाहर की तरफ संचरित होती है। ध्वनि उर्जा सिरों से संचरित नहीं होती है।)

$\therefore \quad I = 50\ W/m^2$

संसूचक द्वारा प्रेक्षित ऊर्जा $= I \times A = 3\ mW$



12. The velocity time graph for a particle moving along a straight line is given in each situation of column-I. In the time interval $\infty > t > 0$, match the graph in column-I with corresponding statements in column-II.
कॉलम-I की प्रत्येक स्थिति में एक सरल रेखा के अनुदिश गति करते हुये एक कण के लिए वेग–समय ग्राफ दिये गये है। समयान्तराल $\infty > t > 0$ में, कॉलम-I में ग्राफों को कॉलम-II में संगत कथनों से सुमेलित कीजिये।

Column-I **कॉलम -I**	**Column-II** **कॉलम-II**
(A) 	(p) speed of particle is continuously decreasing. (p) कण की चाल सतत रूप से घट रही है।
(B) 	(q) magnitude of acceleration of particle is decreasing with time. (q) कण के त्वरण का परिमाण समय के साथ घट रहा है।
(C) 	(r) direction of acceleration of particle does not change. (r) कण के त्वरण की दिशा परिवर्तित नही होती है।
(D) 	(s) magnitude of acceleration of particle does not change. (s) कण के त्वरण का परिमाण परिवर्तित नही होता है।

Ans. (A) – r, s ; (B) – r, s ; (C) – p, q, r ; (D) – p, q, r

Sol. In case A and B acceleration is constant but speed first decreases and then increases.
In case C and D, the velocity does not change sign hence direction of acceleration is constant. Speed and magnitude of acceleration decreases with time.
स्थिति A तथा B में त्वरण नियत है लेकिन चाल पहले घटती है तथा फिर बढ़ती है। स्थिति C तथा D में वेग का चिन्ह नही बदलता है इसलिये त्वरण की दिशा नियत रहती है। त्वरण का परिमाण तथा चाल समय के साथ घटते हैं।

Resonance®
Educating for better tomorrow

TARGET : JEE (Main + Advanced) 2022

Course : VIKAAS (01JA)

PHYSICS

DPP

DAILY PRACTICE PROBLEMS

NO. B61

DPP No. : B61 (JEE-ADVANCED)

Total Marks : 50		**Max. Time : 31 min.**
Single choice Objective ('–1' negative marking) Q.1 to Q.2	**(3 marks 2 min.)**	**[06, 04]**
One or more than one options correct type ('–1' negative marking) Q.3 to Q.10	**(4 marks 2 min.)**	**[32, 16]**
Subjective Questions ('–1' negative marking) Q.11	**(4 marks 5 min.)**	**[04, 05]**
Match the Following (no negative marking) Q.12	**(8 marks 6 min.)**	**[08, 06]**

ANSWER KEY OF DPP No. : B61

1.	(B)	**2.**	(A)	**3.**	(A,C)	**4.**	(B,C)	**5.**	(A)(D)	**6.**	(B,D)
7.	(A)(C)	**8.**	(A)(C)	**9.**	(A)(C)(D)	**10.**	(B,D)	**11.**	5		
12.	(A) – p,q,t ; (B) – p,r,s ; (C) – q,t ; (D) r										

1. A small ball of mass m is released from rest at a height h_1 above ground at time t = 0. At time t = t_0, the ball again comes to rest at a height h_2 above ground. Consider the ground to be perfectly rigid and neglect air friction. In the time interval from t = 0 to t = t_0, pick up the incorrect statement.

m द्रव्यमान की एक छोटी गेंद को धरातल से h_1 ऊँचाई से t = 0 पर विरामावस्था से छोड़ा जाता है। गेंद पुनः धरातल से h_2 ऊँचाई पर विरामावस्था में t = t_0 समय पर आ जाती है। धरातल को पूर्णतः दृढ़ मानिये तथा वायु का घर्षण नगण्य है तो t = 0 से t = t_0 समयान्तराल में गलत कथन का चयन कीजिये।

(A) Work done by gravity on ball is $mg(h_1 - h_2)$

(B*) Work done by ground on ball for duration of contact is $mg(h_2 - h_1)$.

(C) Average acceleration of the ball is zero.

(D) Net work done on the ball by all forces except gravity is $mg(h_2 - h_1)$.


(A) गुरूत्व द्वारा गेंद पर किया गया कार्य $mg(h_1 - h_2)$

(B*) धरातल को स्पर्श करने की अवधि में धरातल द्वारा गेंद पर किया गया कार्य = $mg(h_2 - h_1)$.

(C) गेंद का औसत त्वरण शून्य है।

(D) गेंद पर गुरूत्व के अतिरिक्त सभी बलों द्वारा किया गया कुल कार्य $mg(h_2 - h_1)$ है।


Sol. From the figure-1 work done by gravity from t = 0 to t = t_0 is $W = mg(h_1 - h_2)$



Since initial and final velocity of ball is zero its average acceleration will be zero.

Since net work done is zero from time interval t = 0 to t = t_0. Hence work done by forces except gravity is $mg(h_2 - h_1)$.

हल: चित्र-1, $t = 0$ से $t = t_0$ के लिए mg द्वारा किया गया कार्य $W = mg(h_1 - h_2)$



चूंकि गेंद से प्रारम्भिक व अन्तिम वेग शून्य है अतः इसका औसत त्वरण शून्य होगा।
जिससे समयान्तराल $t = 0$ से $t = t_0$ तक कुल कार्य भी शून्य होगा अतः गुरूत्व के अतिरिक्त अन्य बलों द्वारा कार्य $mg(h_2 - h_1)$ होगा।

2. A ball of mass 1.6 kg is projected with a velocity of 20 m/s at an angle of 37º above the horizontal. After 1.2 sec., gravitational field vanishes and a force of constant magnitude is applied after that, force being always perpendicular to the direction of motion till it strikes the ground. When it strikes the ground it is moving vertically. Choose the incorrect option ($g = 10\ m/s^2$) :
1.6 kg द्रव्यमान की एक गेंद, क्षैतिज से 37º के कोण पर 20 m/s के वेग से प्रक्षेपित की जाती है। 1.2 sec. पश्चात् गुरूत्वीय क्षेत्र समाप्त हो जाता है तथा नियत परिमाण का एक बल लगाया जाता है। इसके पश्चात् बल सदैव गति की दिशा के लम्बवत् तब तक रहता है जब तक कि यह धरातल पर पर नहीं टकराता। जब यह धरातल से टकराता है तब यह ऊर्ध्वाधर गति कर रहा है। गलत विकल्प का चयन कीजिए। ($g = 10\ m/s^2$) :
(A*) Initially path is parabolic and later on it becomes hyperbolic


(B) The radius of the circle will be 7.2 m and constant magnitude of force applied is $\frac{512}{9}$ N

(C) The speed during circular motion will be 16 m/s
(D)The time it takes to strike the ground is less than that it would have taken in projectile motion
(A*) प्रारम्भिक पथ परवलयिक है तथा इसके बाद यह अतिपरवलयिक है।

(B) वृत की त्रिज्या 7.2 m है तथा नियत परिमाण का आरोपित बल $\frac{512}{9}$ N है।

(C) वृत्ताकार गति के दौरान चाल 16 m/s होगी।
(D) इसको धरातल से टकराने में लगा समय प्रक्षेप्य गति में लगे समय से कम होगा।

Sol.



$t_1 = \frac{20 \times 3/5}{10} = 1.2$ sec.

$H = \frac{(12)^2}{2 \times 10} = 7.2\ m = r$

$F = \frac{1.6 \times 16 \times 16}{7.2} = \frac{512}{9}$ N

For circle वृत्त के लिए $t = \frac{3.14 \times 7.2}{2 \times 16} < 1.2$ sec.

3. In a standing wave on a string.
एक डोरी में उत्पन्न अप्रगामी तरंग में–
(A*) In one time period all the particles are simultaneously at rest twice.
(B) All the particles must be at their positive extremes simultaneously once in one time period
